## नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय, जनपद न्यायालय बुलन्दशहर में लोहें की निष्प्रयोज्य वस्तुओं की नीलामी हेतु बोली दिनांक 25.09.2025 को सांय 04:30 बजे मीटिंग हॉल, परिवार न्यायालय, जनपद न्यायालय बुलन्दशहर में बोली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 24.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे अपराह्न तक प्रार्थना पत्र एवं निर्धारित न्यूनतम सरकारी बोली का 10 प्रतिशत केन्द्रीय नजारत पर जमा करना सुनिश्चित करें। जिसके उपरान्त उन्हीं व्यक्तियों को उपरोक्त बोली में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

### नीलामी की शर्ते

1. बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को अपना पहचान–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. बोली बोलने से पूर्व सरकारी बोली का 10 प्रतिशत अग्रिम जमा करना होगा।
3. बोली स्वीकार होने की दशा में सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी।
4. माननीय जिला न्यायाधीश, बुलन्दशहर को अधिकार होगा कि वह किसी भी बोली को किसी समय बिना कारण बताये निरस्त कर दें।
5. बोली बोलने वाले व्यक्ति को समय–समय पर जिला न्यायाधीश के निर्देशों का पालन करना होगा।
6. नीलामी में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्तिगण दिनांक 25.09.2025 को दोपहर 12:00 से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में उपर्युक्त लोहें की निष्प्रयोज्य वस्तुओं का अवलोकन कर सकते है। न्यायालय परिसर में आने पर केन्द्रीय नाजिर आपको उपर्युक्त निष्प्रयोज्य वस्तुओं को दिखा देंगे।
7. यदि आपके द्वारा उपर्युक्त निष्प्रयोज्य वस्तुओं को अभिवहन किया जाता है, तो आपको अन्दर 02 कार्यदिवस उपर्युक्त निष्प्रयोज्य वस्तुओं की निकासी करनी होगी।

(शिवा नन्द),
o/c
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–03,
बुलन्दशहर।

**प्रतिलिपिः**

1. माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. श्री शहजाद अली, सदस्य, नीलामी समिति/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष संख्या–07 को दिनांक 25.09.2025 को सायं 04:30 बजे उक्तानुसार नीलामी में उपस्थित होने के निवेदन के साथ सादर प्रेषित।
3. श्री अर्जुन, सदस्य, नीलामी समिति/अपर सिविल जज (प्रवर खण्ड), न्याय कक्ष संख्या–02 को दिनांक 25.09.2025 को सायं 04:30 बजे उक्तानुसार नीलामी में उपस्थित होने के निवेदन के साथ सादर प्रेषित।
4. केन्द्रीय नाजिर को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी को दैनिक समाचार पत्रों में खबर के रूप में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. प्रतिलिपि, डी.एस.ए. को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(शिवा नन्द),
o/c
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–03,
बुलन्दशहर।

**इस सूचना की प्रतिलिपि निम्नलिखित सूचना पटों पर चस्पा कराया जायेः–**

1. श्रीमान जिला न्यायाधीश, बुलन्दशहर।
2. श्रीमान जिलाधिकारी कार्यालय, बुलन्दशहर।
3. श्रीमान कार्यालय नगर पालिका परिषद, बुलन्दशहर।
4. कार्यालय जिला परिषद, बुलन्दशहर।
5. सूचना पट, जिला बस स्टैण्ड, बुलन्दशहर।